आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 27.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- आज विश्व पशुचिकित्सा दिवस है–उपराज्यपाल ने पशु चिकित्सा से जुड़े सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।
- दूर संचार सचिव नीरज मित्तल अपने चार दिवसीय दौरे पर आज पोर्ट ब्लेयर पहुंच रहे है।
- नगरपालिका परिषद के नव–निर्वाचित अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा का शपथ ग्रहण समारोह कल आयोजित किया गया।
- नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से ई–श्रम पोर्टल में पंजीकृत बचे हुए प्रवासी मजदूरों की पहचान करने और उन्हें राशन कार्ड का वितरण करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।
- एम वी स्वराजद्वीप, एम वी कैम्पबेल बे और सिंधु की मई–जून के यात्रा कार्यक्रम घोषित कर दिए गए हैं।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी ने विश्व पशुचिकित्सा दिवस समारोह की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व के साथ–साथ अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में भी मानव एवं पशुओं के स्वास्थ्य और स्वस्थ पर्यावरण के प्रति पशुचिकित्सकों के बहुमूल्य योगदानों को सम्मानित करने के लिए आज विश्व पशुचिकित्सा दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय– ''पशुचिकित्सक अत्यावश्यक स्वास्थ्य कार्यकर्ता'' रखा गया है, जो समग्र स्वास्थ्य विकास में पशुचिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रमाणित करता है। इनकी विशेषज्ञता से न केवल पशुओ की देखभाल में सहायता मिलती है, बल्कि पशुओं तथा मानवों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक कल्याण में भी यह विशेषज्ञता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पशुचिकित्सक बीमार अथवा घायल पशुओं की देखभाल का चुनौतीपूर्ण कार्य करते है। उनका व्यापक चिकित्सा प्रशिक्षण उन्हें खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, रोग संचर रोकथाम और समाज में स्वास्थ्य मानकों को उन्नत बनाए रखने में सक्षम बनाता है।

पशुचिकित्सक स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पशुओं, मनुष्यों और पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा और प्रगति हेतु सभी हितधारकों के साथ मिलकर कार्य करते है। उन्होंने कहा कि यह दिवस पशुओं तथा मानवों दोनो की सहायता करने में उनके परिश्रम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी सराहना का अवसर है। इस अवसर पर आइए हम सब मानव तथा पशुओं दोनों के स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं सुधार में हमारे पशुचिकित्सकों के बहुमूल्य योगदान को पहचाने और उन्हें उपयुक्त सम्मान दें।

<><><><><><><>

दूर–संचार सचिव नीरज मित्तल अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की चार दिवसीय दौरे पर आज पोर्ट ब्लेयर पहुंच रहे है। अपने प्रवास के दौरान सचिव स्वराजद्वीप में केबल लैंडिंग स्टेशन का दौरा करेंगे और महत्वपूर्ण स्थानों पर फोर–जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट और मोबाइल कवरेज की समीक्षा करेंगे। वह एलिफेन्टा बीच पर बी बी एन एल जी पी और फोर–जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट का भी दौरा करेंगे, जिसका समन्वय राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ बी एस एन एल और यू एस ओ एफ साइटों द्वारा किया जाएगा।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद के बी.आर अम्बेडकर सभागार मे ंकल आयोजित सादे समारोह में दक्षिण अण्डमान उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद के नव–निर्वाचित अध्यक्ष और वार्ड संख्या–तेरह के पार्षद सुदीप राय शर्मा को तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए पद की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधि, पदाधिकारी और विभिन्न्न राजनीतिक दलों के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों विभाग की ओर से श्रम विभाग की ई–श्रम पोर्टल में पंजीकृत बचे हुए प्रवासी मजदूरों की पहचान करने और उन्हें राशन कार्ड का वितरण करने के लिए दूसरे चरण का विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। राशन कार्ड उन बचे हुए प्रवासी मजदूरों को दिया जाएगा, जिनके पास अपने गृह राज्य या इस द्वीपसमूह में राशन कार्ड नहीं हैं। पहले चरण के विशेष शिविर में जिन लोगों ने सुविधा का लाभ नहीं उठाया है, उनसे इस सुविधा का लाभ उठाने को कहा गया है।

विशेष शिविर में तैनात कर्मचारियों के नाम क्षेत्रवार जारी किया गया है। संबंधित प्रवासी मजदूर आगे की सहायता के लिए क्षेत्र के प्रधान या वार्ड पार्षद से संपर्क कर सकते हैं। जो लोग शिविर में नहीं पहुंच पाएंगे, वे अपने–अपने क्षेत्र के टीम या नागरिक आपूर्ति विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय सामुद्रिक विश्वविद्यालय चेन्नई की ओर से अंडमान निकोबार प्रशासन सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। यू जी पाठ्यक्रम की सात और डीब्रेट में नॉटिकल साइंस डिप्लोमा की तीस सीटों के लिए चौदह मई को सुबह दस बजे से बारह बजे के बीच डीब्रेट में परीक्षा ली जाएगी। आवेदन फार्म उनतीस अप्रैल से बारह मई के बीच जारी होंगे। हॉल टिकट आठ मई से तेरह मई तक संस्थान से प्राप्त किया जा सकता है। स्थानीय और इन द्वीपों में पिछले पांच साल से रहने वाले विद्यार्थी परीक्षा के लिए योग्य माने गए हैं अधिक जानकारी के लिए डीब्रेट की सामुद्रिक अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुहिम चलाया जा रहा है। बम्बूफ्लाट गांव में करीब पांच सौ वर्ग मीटर और धन्नी खाड़ी गांव में करीब पन्द्रह सौ वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमण कार्यों से मुक्त कराया गया। इसके अलावा पोर्ट ब्लेयर तहसील में डॉलीगंज क्षेत्र से करीब साठ वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर कब्जे को हटाया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने आम जनता को आगाह किया है कि वे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करें। प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने आम जनता से शिकायत के लिए ज़िला नियंत्रण कक्ष में फोन संख्या– दो चार शून्य एक दो सात, दो तीन आठ–आठ–आठ एक या व्हाट्सऐप नम्बर नौ पांच तीन एक आठ–आठ–आठ–आठ चार–चार पर करने की सलाह दी है। सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे।

<><><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप, एम.वी. कैम्पबेल–बे और सिंधु की मई–जून के यात्रा कार्यक्रम घोषित कर दिए गए है। एम.वी. स्वराजद्वीप चार मई को पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा, चौदह मई को चेन्नई और पच्चीस मई को दोबारा विशाखापत्तनम के लिए छूटेगा।

जून में यह जहाज पांच जून को चेन्नई तथा पन्द्रह और पच्चीस जून को विशाखापत्तनम जाएगा। एम वी कैम्पबेल–बे तीन मई और पन्द्रह जून को ननकौड़ी और कैम्पबेल–बे होते हुए चेन्नई जाएगा, जबकि सिंधु चार मई और अट्ठारह जून को मायाबंदर, डिगलीपुर होते हुए कोलकाता के लिए प्रस्थान करेगा। चेन्नई की यात्रा के लिए अग्रिम टिकट आज, विशाखापत्तनम के लिए उनतीस और कोलकाता के लिए तीस अप्रैल को बुक किए जा सकते हैं। ई–टिकटिंग पोर्टल और स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी टिकट खरीदे जा सकते हैं।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के दूर–दराज के द्वीप तेरेसा में स्थित पुलिस थाने को आई एस ओ प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। दक्षता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली को बनाए रखने के लिए ये प्रमाणपत्र दिया जाता है। पोर्ट ब्लेयर से तीन सौ अस्सी किलोमीटर दक्षिण में स्थित तेरेसा पुलिस थाने के माध्यम से क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पुलिस सहायता, आपातकालीन प्रतिक्रिया और कानूनी सहयोग प्राप्त होता है। समुदाय को सुरक्षित बनाए रखने में भी इनकी विशेष भूमिका है। आई एस ओ प्रमाणपत्र हासिल करने से पुलिस बल के मनोबल को भी बढ़ावा मिलता है।

**<><><><><><><>**